Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct a ring road in Kuruksheta city in Haryana to ease traffic problem.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरूक्षेत्र): कुरूक्षेत्र महाभारतकालीन विश्वप्रसिद्ध धार्मिक नगरी है। वहाँ पर 134 धार्मिक स्थल हैं। प्राचीन व विश्वप्रसिद्ध स्थल होने की वजह से वहां पर हर वर्ष लाखों की संख्या में देश-विदेश में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। माननीय अध्यक्ष जी, कुरूक्षेत्र जाने के लिए एक ही सड़क है जो शहर के बीच से निकल कर कैथल-पेहवा-पुनरी की तरफ निकलती है और राजस्थान को टच करती है। उसके ऊपर बहुत भीड़ रहती है और पूरा शहर ट्रैफिक समस्या से परेशान रहता है।

मेरा सरकार से निवेदन है कि कुरूक्षेत्र के अंदर एक रिंग रोड बनाई जाये ताकि कुरूक्षेत्र के लोगों को तथा देश-विदेश से आने वाले पर्यटक और श्रद्धालुओं को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके।